भी क्रमश: 5000 रु० 2,500 रु० तथा 1,500 रु० से बढ़ाकर 10,000 रु० 5,000 रु० तथा 3,000 रु० तक कर दी गई हैं ।

(ख) गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा तैयार किए गए वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को 1987-88 में एक बार हिन्दी दिवस अथवा हिन्दी सप्ताह मनाना है । तदनुसार ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास) की अध्यक्षता में 14-9-87 को हिन्दी दिवस मनाया । कृषि मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के निम्नलिखित सदस्यों तथा अन्य गैर-सरकारी व्यक्तियों को हिन्दी दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया था ।

1. श्री सुधाकर पांडेय, वाराणसी
2. श्री विजय शंकर मल्ल, वाराणसी
3. डा० एन० रमण नायर, कोच्चिन
4. डा० एस० कृष्णामूर्ति, बंगलौर
5. डा० कुमार विमल, पटना
6. श्री हिमांशु जोशी, नई दिल्ली
7. श्री राम चन्द्र भारद्वाज, नई दिल्ली
8. श्री कन्हैया लाल नन्दन, नई दिल्ली
9. श्री गोतेश शर्मा, कलकत्ता ।

ग्रामीण विकास विभाग की पत्रिकाओं, ग्रामीण विकास पत्रिका के अगस्त-सितम्बर, 1987 के अंक में तथा कुरुक्षेत्र (हिन्दी) के अक्तूबर, 1987 के अंक में हिन्दी दिवस समारोह सम्बन्धी एक समाचार प्रकाशित हुआ था ।

इस वर्ष सितम्बर माह में कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग (भा०कृ०अ०प०) और उर्वरक विभाग में भी हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह मनाया गया । कृषि तथा सहकारिता विभाग का भी शीघ्र ही हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह बनाने का प्रस्ताव है ।

आई०सी०ए०आर० में पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं

1290. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या कृषि मंत्री 31 जलाई, 1987 तथा 6 नवम्बर, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न क्रमश: 679 तथा 41 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि आई सी०ए०आर० में इस समय कुल कितनी पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकायें हैं तथा उनमें से कितनी हिन्दी पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं हैं; वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पुस्तकों की खरीद पर गत तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि खर्च की गई तथा क्या यह सच है कि हिन्दी पुस्तकों की खरीद की जानबूझकर उपेक्षा की गई है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : सूचना एकत्र की जा रही है और उसे सभा के पटल पर रख दिया जाएगा ।

Acquiring of New Acquipment by Akashwani and Doordarshan

2191. SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA; SHRI B. SATYANARAYAN REDDY:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state;

(a) what was the total amount spent by the Akashvani and Doordarshan respectively on Reliance Cup Cricket either by way of acquiring new equipment or otherwise;

Ob) how much was spent by these two official media in similar ways on non-cricketing sport events including the Seoul Asiad, World Cup Football and World T.T. during the last one year; and